Hindi

अपनी सर्जरी के लिए तैयार होनाGetting Ready for Your Surgery

जिम पैटिसन आउट पेशेंट देखभाल और सर्जरी सेंटर• सरी मेमोरियल अस्पताल

मेरी सर्जरी की तिथिMy Surgery Date: _____

आपकी सर्जरी से एक सप्ताह पहलेOne week before your surgery

- सभी विटामिन, हर्बल और स्वास्थ्य पूरक लेना बंद करें (गार्लिक, गिन्को, कावा, सेंट जॉन'स वॉर्ट, जिनसैंग, डॉन क्वाई, ग्लूकोसैमाइन।
- अपनी नियमित दवाएं लेते रहें, जब तक कि सर्जन, एनैस्थिसियोलॉजिस्ट या प्री-एडमिशन क्लिनिक नर्स द्वारा इन्हें बंद करने के लिए न कहा जाए।
- जिन स्थानों पर आपकी सर्जरी होनी है, वहां से शेविंग, वैक्सिंग, थ्रैडिंग या बाल साफ़ करना बंद करें।
  अपवाद: यदि आपकी सर्जरी आपके चेहरे, गले या गर्दन पर होनी है, तो सर्जरी से एक दिन पहले या रात में उस स्थान पर शेव करें।
- यदि आपकी सर्जरी बाज़ू या टांग पर है, तो नेल पॉलिश और एक्रैलिक, जैल, नकली नाखून हटाएं।
- यदि शरीर पर कुछ ऐसा छिदवाया है, जिसे हटाने के लिए टूल की ज़रूरत है, तो अपनी छिदवाई हुई चीज़ निकलवाने का प्रबंध करें।
- सर्जरी के बाद 24 घंटे तक किसी व्यस्क को आपको घर ले जाने और अपने साथ रखने का प्रबंध करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें आपकी सर्जरी रद्द करनी पड़ सकती है।
- दवा की किसी भी दुकान से 2% या 4% क्लोरैक्साडाइन ग्लूकोनेट स्पंज (2 ख़रीदें) या तरल साबुन (1 ख़रीदें) ख़रीदें। आपको यह सामान प्राथमिक चिकित्सा अनुभाग में मिल सकता है या केवल फार्मासिस्ट से पूछें।

सर्जरी से पहले खाना-पीनाEating and drinking before surgery

- अपनी सर्जरी से पहले की शाम रात में <u>और</u> आधी रात से पहले 3 कप क्लियर जूस (सेब, क्रैनबरी या अंगूर) पीएं। हम आपको सलाह देते हैं कि यह जूस रात्रि लगभग 8:00 बजे पीएं।
- दूध और दूध से बने उत्पादों सहित आधी रात (सुबह 12:00 बजे) के बाद कोई भी भोजन न खाएं।
- अपनी सर्जरी के समय से 4 घंटे पहले तक आपको क्लियर तरल पदार्थ पीने की अनुमति है।
  क्लियर तरल पदार्थ का मतलब केवल पानी, सेब का जूस, क्रैनबरी का जूस या अंगूर का जूस है।
- बहुत कम पानी के साथ अपनी नियमित दवाएं लें, जब तक कि आपको सर्जन, एनैस्थिसियोलॉजिस्ट या प्री-एडमिशन क्लिनिक नर्स द्वारा इन्हें बंद करने के लिए नहीं कहा जाता।
- अपनी सर्जरी के समय से चार (4) घंटे पहले, 1 ½ कप (375 mL) क्लियर जूस (सेब, क्रैनबरी या अंगूर) पीएं। इसके बाद कुछ भी न पीएं।

ध्यान दें: यदि आप आहार संबंधी इन निर्देशों का पालन नहीं करते, तो हम आपकी सर्जरी रद्द कर सकते हैं।

त्वचा की सफ़ाई Skin cleaning

- **आपकी सर्जरी से पहले की शाम:**
  - सभी आभूषण और छिदवाई गई वस्तुएं हटाएं।
  - शावर लें या स्नान करें, नियमित साबुन और शैम्पू से धोएं।
  - अच्छी तरह धोएं, फिर अपने शरीर को अपनी गर्दन से पैर की अंगुलियों तक क्लोरोहैक्साडाइन ग्लूकोनेट से धोएं। इसे अपने चेहरे पर न लगाएं।
  - पूरी तरह से धोएं और एक साफ़ तौलिए से सुखाएं।
  - अपनी त्वचा या चेहरे पर कोई भी उत्पाद (लोशन, पाउडर, मेक-अप, परफ़्यूम, कोलोन, डियोडोरैंट, वैसलीन) न लगाएं।
  - साफ़ पजामा पहनें और साफ़ चादर पर सोएं।
- **आपकी सर्जरी की सुबह:**
  - अपने शरीर को फिर से क्लोरैक्साडाइन ग्लूकोनेट से धोएं। आपको शैम्पू से अपने बाल फिर से धोने की ज़रूरत नहीं है।
  - पूरी तरह से धोएं।
  - साफ़-सुथरे ढीले कपड़े पहनें।
  - अपने दांत (डैन्चर), जीभ और मुंह के भीतर ऊपरी हिस्से पर ब्रश करें।

याद रखें Remember

- अपना BC सर्विसिज़ कार्ड और फोटो पहचान (ड्राइवर का लाइसेंस, पासपोर्ट) लाएं।
- अभी सभी दवाएं उनके मूल डिब्बों में लाएं।
- यदि आपको नींद में सांस रुकने की बीमारी है, तो अपनी CPAP मशीन या डैंटल उपकरण लाएं।
- यदि रात भर रुकना है, तो अपनी प्रसाधन सामग्री और सामान के साथ एक बहुत छोटा सा थैला लाएं।
  अपना विस्तारित (अवधि समाप्त होने के बाद भी वैध) मेडिकल प्लान कार्ड लाएं। सभी कीमती वस्तुएं घर पर छोड़ें।

कहाँ जाएं Where to go

सर्जरी से कुछ दिन पहले आपके डॉक्टर का कार्यालय आपको फोन करता है और आपको सर्जरी का समय बताता है कि अस्पताल कब पहुंचना है।



☐ **सरी मैमोरियल अस्पताल**

13750 – 96 Avenue, Surrey

साउथ पार्केड ऑफ़ 94A एवेन्यू से प्रवेश करें।

लिफ़्ट से लेवल 1 पर जाएं।

लिफ़्ट से दाईं ओर मुड़ें और हॉल से नीचे सर्जिकल एडमिशनस (जामुनी क्षेत्र) तक जाएं। सुबह 6:00 बजे खुलता है।

ध्यान दें: दक्षिण भवन में सड़क स्तर का प्रवेश लोगों के लिए बंद है।

☐ **जिम पैटिसन आउटपेशेंट केयर तथा सर्जरी सैंटर**

9750 140 Street, Surrey

लिफ़्ट से 4थी मंज़िल पर पर जाएं। सर्जिकल डेकेयर संकेत देखें।

सुबह 6:30 बजे खुलता है।

यह जानकारी आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा आपको दी गई सलाह का स्थान नहीं ले सकती।